कार्यालय अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, पुलिस परामर्श एवं सहायता केन्द्र, जोधपुर

क्रमांक :–ईमेल   दिनांक :– 16.03.2022

–: प्रेस नोट :–

''महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्र, आयुक्तालय जोधपुर द्वारा एम.डी. सारण पब्लिक स्कुल ग्राम पाल में आयोजित साप्ताहिक आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह ''

महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हे आत्मरक्षा हेतु सशक्त बनाने, अपने अधिकारों व कानूनों के बारे में सजग करने एवं महिला अपराधों में कमी लाने के उद्देश्य से आयुक्तालय जोधपुर में स्थापित **''महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्र''** द्वारा एम.डी सारण पब्लिक स्कुल ग्राम पाल में ग्रामीण बालिकाओं के लिए चलाये गये आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन आज एम.डी सारण पब्लिक स्कुल ग्राम पाल में वार्षिक उत्सव के साथ समारोहपूर्वक में किया गया, जिसमें प्रशिक्षणार्थी बालिकाओं द्वारा सामुहिक एवं व्यक्तिगत सुरक्षा तकनिकों का प्रदर्शन किया। श्रीमती निर्मला विशनोई अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त द्वारा बालिकाओं के मनोबल में वृद्धि हेतु उद्बोधन दिया गया। समारोह में पाल सरपंच श्री भल्लाराम सारण, जनप्रतिनिधी, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्रीमती निर्मला बिश्नोई एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण की टीम के सदस्य श्रीमती शारदा पूनिया, श्री सुशील जयपाल, श्री धर्माराम व श्रीमती किरण चौधरी का प्रधानाचार्य श्री श्रवणराम सारण द्वारा स्वागत किया जाकर स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये।

आयुक्तालय जोधपुर में स्थापित ''महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्र'' में 13 वर्ष से अधिक आयु की कोई भी कामकाजी, गृहणी महिला, अध्ययनरत बालिका, शिक्षण संस्थाएं एवं अन्य संस्थाएं अपनी संस्था में अध्ययनरत/कार्यरत महिला/बालिकाओं का नामांकन करा सकती है एवं जो अभिभावक अपनी बच्चियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दिलवाना चाहते है, वो इस केन्द्र पर नामांकन करवा सकते है। यह आत्म रक्षा प्रशिक्षण साप्ताहिक व पुर्णतः निशुल्क है।**प्रशिक्षण सम्बन्धी अधिक जानकारी एवं आवेदन फॉर्म के लिये कार्यालय पुलिस परार्मश केन्द्र आयुक्तालय जोधपुर में सम्पर्क कर सकते है।**

संलग्नः– प्रशिक्षण शिविर समापन कार्यक्रम के फोटग्राफ।

एस.डी./–
(सुभाष चन्द्र)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
पुलिस परामर्श एवं सहायता केन्द्र,
जोधपुर आयुक्तालय

SENIOR SECONDARY SCHOOL, PAL
INSTITUTE
षिकोत्सव,
सांस्कृतिक कार्यक्रम

एम.डी. सारण पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, पाल
(हिन्दी माध्यम)
M.D. SARAN PUBLIC SENIOR SECONDARY SCHOOL, PAL
(ENGLISH MEDIUM)
MDS INSTITUTE
(For IIT-JEE & NEET)
वार्षिकोत्सव,
आशीर्वाद समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम
में आपका हार्दिक स्वागत है ।
100, 112
1090